हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

18 मां शाकंभरी जयंती पर सोनकर समाज ने निकाली शोभायात्रा



16 राम रंग मानस परिवार खल्लारी ने जीती मानसगान प्रतियोगिता





## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस आज, शान से लहराएगा तिरंगा

**दल्लीराजहरा।** खनिजों की नगरी दल्ली राजहरा में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को शहर के समस्त शासकीय अशासकीय विभागों के अलावा नगर पालिका, पुलिस थाना, अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय, व्यापारी संघ, अनाज व्यापारी संघ, बीएसपी सहित समस्त स्कूलों, ग्राम पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### जिला मुख्यालय में सांसद विजय करेंगे ध्वजारोहण

**बालोद।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सांसद बघेल 26 जनवरी को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन कि विभिन्न विभागों की झाँकी का प्रदर्शन, 11:10 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

## पर्व : अंचल में पारंपरिक रूप में मनाया गया अन्नदान का पर्व छेरछेरा

# गली-गली में गूंजा छेरिक छेरा छेर छेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

छेरछेरा पर्व के अवसर पर गुरुवार को लोगों ने खुलकर अन्न दान किया। पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। उन्होंने घर-घर जाकर अन्न दान मांगा। इसके लिए सुबह से ही बच्चों की टोलियां निकल पड़ी थीं। उन्होंने पारंपरिक गीत छेरिक छेरा, छेर बरतनीन गाते हुए घर-घर जाकर लोगों से अन्नदान मांगा।

गुरुवार सुबह गांव की गलियों और शहर की बस्तियों, कालोनियों में बच्चों की टोलियां छेर-छेरा... कोठी के धान हेरहेरा... कहते हुए पहुंचती रहीं। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचल के लोगों में पखवाड़े भर पूर्व से ही उत्साह नजर आने लगा था और अपने-अपने स्तर पर लोगों ने पर्व मनाना भी शुरु कर दिया था। छेरछेरा मांगने वाले बच्चों में जो उत्साह था, उससे कहीं अधिक उत्साह दान करने वालों में दिखा। जिस घर के भी दरवाजे पर बच्चे पहुंचे, लोगों ने पूरे उल्लास के साथ उन्हें धान अथवा चावल दान कर छेरछेरा पर्व की खुशियां बांटी।





### किसानों ने की मां अन्नपूर्णा की पूजा

पर्व के अवसर पर धान की फसल लेने वाले किसानों ने सुबह देवी अन्नपूर्णा की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। कृषक वर्ग ने अन्न की देवी अन्नपूर्णा को लक्ष्मी स्वरूप मानकर पूरी आस्था निष्ठा के साथ पूजा अर्चना की। उसके बाद घर की कोठी में रखे धान को दान कर घर-परिवार की खुशहाली की कामना की। संदीप साहू देवनारायण साहू कुलेश्वर साहू रामकुमार साहू ने बताया कि किसान कृषि कार्य से निवृत्त होने के बाद अच्छी पैदावार होने की खुशी में यह पर्व हर्षोल्लास से मनाया। मांगने वालों को लोगों ने धान चावल के साथ रुपए भी दान किया।

### घर-घर गूंजा छेरिक छेरा छेर छेरा



**दल्लीराजहरा।** गुरूवार को अन्नदान का पर्व छेर छेरा दल्लीराजहरा, चिखलाकसा, सिंघोला, मंगलतराई, आमाडुला, साल्हे सिंगनवाही कोकान पटेली नर्राटोला सहित क्षेत्र में पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया गया। दल्लीराजहरा सहित गांवों में बच्चे-बड़ों की टोली घर-घर जाकर छेर छेरा पर अन्नदान लेने पहुंच रहे थे, वहीं लोग प्रसन्नतापूर्वक उन्हें दान दे रहे थे। इस अवसर पर पारंपरिक सुआ नृत्य और डंडा नृत्य भी गांव-गांव में किया गया। धान की खेती पूरी होने के बाद धान की कटाई-मिंजाइ कर उसे घर में सुरक्षित रखने के बाद मनाया जाने वाला अन्नदान का महापर्व छेरछेरा की



धूम बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। पूस माह की पूर्णिमा को छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पुन्नी या छेर छेरा त्योहार के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार तब मनाया जाता है, जब किसान अपने धान की नई फसल को काटकर उसका घरों में भंडारण कर चुके होते हैं। इसी भंडारित धान में से अन्नदान करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही हैं। ग्रामीण टोली बना-बनाकर घर-घर जाकर अन्नदान लेते हैं। घर के बाहर आवाज लगते हैं 'माई छेरछेरा कोठी के धान ला हेर हेरा'। लगातार घर के बाहर इस तरह की पुकार करने के बाद घर की महिलाएं अन्नदान करती हैं। अन्नदान में देरी होने पर टोली के लोग 'अरण-बरन कोदो दरन, जब्बे देबे तब्बे तरन' की पुकार लगते हैं, जिसका मतलब है जब अनाज मिलेगा तभी यहां से जाएंगे। इस दिन शाकंभरी देवी और अन्नपूर्णा देवी की पूजा की जाती है, जो अनाज की देवी हैं।

### कहीं बच्चों का मनुहार, कहीं बाजे-गाजे के साथ पहुंचे युवा



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ का महान दान पर्व छेरछेरा में स्कूली बच्चे और युवा, बुजुर्ग छेरिक छेरा, छेर बरतनीन छेर छेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा, अरन बरन, कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन की सामूहिक लयबद्ध तेज आवाज में गुरुवार को हर घर दस्तक देते रहे और प्रत्येक घरों में बड़े स्नेह सम्मान पूर्वक अनाज, बिस्कुट, चाकलेट जिन्हें जो दान करने का मन करता गया, बड़े उदार भाव से भेंट करते रहे। इस पर्व में विशेष बात यह होती है कि किसी को भी खाली हाथ नहीं लौटाया जाता है। विदित हो कि कोई भी दोबारा नहीं मांगता और न ही उस घर में दोबारा मांगने जाता, जो मिला उसे प्रसन्नता से स्वीकार करते हैं। इस अद्भुत संस्कार से भरा पर्व को बनाने वाले अतीत के विचारकों के प्रति आज की पीढ़ी कृतज्ञ है। कोई लालच नहीं कोई फरेब नहीं ऐसा है, हमारा छत्तीसगढ़ का दान संस्कार पर्व छेर छेरा।

### बाजे-गाजे के साथ निकली छेरछेरा टोली

सीनियर सिटीजन किसान रमेशर साहू, लालजी डहरे, कामता प्रसाद साहू, इंद्रु साहू ने बताया कि छेर-छेरा पर्व किसानों के द्वारा धान मिंजाई के बाद कोठी में धान भरने के बाद का पर्व है। जमाना करवट बदल रहा है अब धान मिंजाई के बाद सीधे सोसायटी पहुंचा दी जाती है और घरों में कई क्विंटल धान रखने की क्षमता वाली कोठी धीरे धीरे समाप्ति की ओर है, लेकिन दान के लिए प्रेरित करने का दोहा यथावत चल रहा है। अब गाजे बाजे के साथ युवा गांव की गलियों में हर घर जाकर परंपरा का पूर्ववत निर्वहन कर रहे हैं।







































संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113


सेवा सहकारी समिति मर्या. भिलाई, चीचा,
गोरकापार, तिलखैरी पं. क्र 213 एवं किसान बंधुओं की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डोमेन्द्र हिरवानी
अध्यक्ष, प्राधिकृत
रोहित कुमार
ब्रांच मैनेजर
हुकुम साहू
सहायक समिति प्रबंधक
आशिष देवांगन
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कर्मचारीगण
राजेश सिन्हा
डामन साहू


सेवा सहकारी समिति ओड़ारसकरी पं.क्रं. 2045
एवं समिति का क्षेत्र सिकोला, सलौनी, देवगहन
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
यू.एस. शर्मा
अध्यक्ष, प्राधिकृत
सुदामा राम शिवना
समिति प्रबंधक
खेमराज सिन्हा
कम्प्यूटर ऑपरेटर
ललित ठाकुर
लिपिक
बुधरू ठाकुर
दैनिक कर्मचारी
गिरधारी सिन्हा
विक्रेता
सेवंत भूआर्य कर्मचारी, पवन ठाकुर कर्मचारी,


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनिल सोनी


शैलदेवी महाविद्यालय
Anda, Durg 9575037667
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
BEd,DElEd,BSc BEd
BCA,DCA,PGDCA
BSc,BA,BCom
MSW, MCom
PG Diploma in
YOGA
COPA
FITTER
STENO(HINDI)
ELECTRICIAN
SOLAR TECHNICIAN
शैलदेवी आई.टी.आई.
अण्डा, दुर्ग 6264536162


सेवा सहकारी समिति मर्या. खप्परवाड़ा-पं.क्रं. 2515
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
26 JANUARY
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
बहादुर चंद्राकर
समिति प्रबंधक
हरिराम देशमुख
सहायक प्रबंधक
देवानंद देवांगन (क.ऑ.)
लालचंद साहू (लिपिक)
भारत माता तेरा आंचल
हरा भरा धानी धानी
मीठा मीठा चम-चम करता
तेरी नदियों का पानी।


सेवा सहकारी समिति मर्या. गुरेदा-पं.क्रं. 220
एवं किसान बंधुओं की ओर से गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
रोहित कुमार
समिति प्रबंधक
खिलेश्वर चंद्राकर
लिपिक व कम्प्यूटर ऑपरेटर
रामचंद देवांगन
अतिरिक्त कर्मचारी
रोशन लाल साहू
भृत्य-ग्राम गुरेदा, नर्मदा, डंगनिया
एक दीपक उनके भी नाम का
रख लो पूजा की थाली में,
जिनकी सांसे थम गई है,
भारत मां की रखवाली में।


सेवा सहकारी समिति परसदा
पं.क्रं. 290 (डगनियां)
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
संतराम साहू
समिति प्रबंधक परसदा
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
चंद्रकिरण साहू (कम्प्यूटर ऑपरेटर), भूपेश साहू (कम्प्यूटर ऑपरेटर), भारत यादव (सेल्समेन)
जगदेव साहू (कर्मचारी), नारद साहू (कर्मचारी)


सेवा सहकारी समिति गोरकापार जिला-बालोद
पं. क्र.141
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
बी. आर. चंद्राकर
सहा.समिति प्रबंधक
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं


सेवा सहकारी समिति सिर्री
पं.क्रं. 238
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
चन्द्रप्रकाश देशमुख
समिति प्रबंधक
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद


सेवा सहकारी समिति राहुद
पं.क्रं. 209
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
कुन्दन साहू
सहायक प्रबंधक

## खबर संक्षेप

### मंच ने जलाए जयश्री राम के नाम 11 सौ दीप

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पुराना बस स्टैंड में ग्यारह सौ दीप जलाई गई। राममय भजनों की प्रस्तुति दी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि दीप प्रज्वलन मंच के संरक्षक रमन सिंह, तुलसी सोनी, मेघराज सुराना, समाजसेवी रघुनंदन लाल श्रीवास्तव, चंद्रीकादत चंद्राकर, किरण भाई, राजू ठाकुर, सुभाष यादव, निक्कू मनहरे, विकास पुरोहित, दादा एवं उपस्थित राम भक्तों के सानिध्य में किया गया। ग्यारह सौ दीपों से दीए की आकृति एवं जय श्री राम नाम प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर रमन सिंह, तुलसी सोनी, सुनील श्रीवास्तव, हरीश सोनी ने श्री राम एवम अन्य भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी ने व आभार प्रदर्शन मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

### गणपति विहार रहा राममय

**दुर्ग।** स्थानीय बोरसी स्थित गणपति विहार कॉलोनी में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। पूरी कॉलोनी रामभक्ति में सराबोर रही। सुबह से ही झण्डे, पताके-तोरण से सजाया गया। कॉलोनी के फेज-4 में विशेष आयोजन किया गया। राम दर्शन पर रंगोली का निर्माण किया गया था। इस अवसर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 49 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रभात फेरी एवं दीप रैली निकाली गई। पूजा अर्जना के साथ भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। एसके साव, ललित उपाध्याय, अवनीष त्रिपाठी, श्रीमती गुप्ता ने भजनों की प्रस्तुति दी। कु. तनिष्का साहू ने मेरे राम आए है पर बेहतर नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आयोजन में नवीन तिवारी ने सराहनीय योगदान दिया। अंत में भोजन-प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुथरेल थाना अण्डा तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी श्रीमती पूजा साहू की विगत 27 मार्च 2017 को आग से जलने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्वर्ण श्रीमती पूजा साहू की सांस श्रीमती केकती साहू को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### असफलता से न हों निराश : विधायक

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना एवं राजगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने की। विषिष्ट अतिथि विनायक नाथू थे। विधायक ने कहा कि परीक्षा में पास होना ही सफलता नहीं है वरन जीवन की परीक्षा में पास होना ही सर्वश्रेष्ठ सफलता है।

### दिवस : राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह में शामिल हुए कलेक्टर

# माताओं व महिलाओं का स्थान हमारे समाज में सबसे ऊंचा स्थान है : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज:बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि माँ एवं महिलाओं का स्थान हमारे समाज में सबसे ऊँचा एवं सबसे सम्मानीय है। इसलिए हमारे देश एवं राज्य के नाम के संबोधन में माता एवं महतारी शब्द जुड़ता है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा माता एवं महिलाएं धैर्य, सहनशीलता, वात्सल्य एवं शक्ति के मामले में भी पुरुषों से अग्रणी होती है। इसलिए माताओं को शक्तिस्वरूपा भी कहा जाता है।

चन्द्रवाल आज 24 जनवरी को बैडमिंटन हॉल गुण्डरदेही में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के अवसर पर अपना उदगार व्यक्त कर रहे थे। समारोह में पद्मश्री शमशाद बेगम, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उपस्थित थे। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने कहा कि हमारी माताओं, बहनों एवं बेटियों को समाज में उचित सम्मान दिलाने तथा उनके सुरक्षा एवं संरक्षण करने



**भेंट की गई सुपोषण टोकरी**

कार्यक्रम में अतिथियों ने कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए गोद लेने वाले महिलाओं को सुपोषण टोकरी भी प्रदान किया। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले बालिकाओं के अलावा विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिलाओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर फ्लैक्स में हस्ताक्षर भी किए।

की जिम्मेदारी हम सभी की है। चन्द्रवाल ने कुपोषण को देश एवं समाज के लिए एक बड़ी समस्या बताते हुए इसे दूर करने हेतु समवेत प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि बालोद जिले में सामुदायिक सहभागिता एवं अधिकारी–कर्मचारियों के सहयोग से गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु कारगार प्रयास किया जाएगा। चन्द्रवाल ने कहा कि कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए गोद लेने वाले महिला कमाण्डों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत गोद लेने वाले बच्चों को 05 माह की अवधि में सामान्य श्रेणी में लाने वाले महिला कमाण्डों को 05 हजार रुपये एवं इसी तरह अलग–अलग अवधि में कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने वाली महिला कमाण्डों को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि बेटियाँ हमारे समाज की गौरव एवं धरोहर हैं। वे विभिन्न रूपों में अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र व समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

# विधायक अनिला ने क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा, मतदाताओं का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौन्डीलोहारा

अनिला भेंडिया लगातार तीसरी बार डौंडीलोहारा का विधायक चुने जाने के बाद इन दिनों मतदाताओं का आभार जताने गांव-गांव पहुंच रही हैं। बुधवार को भी उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौन्डी लोहारा अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम बटेरा, भेड़ी, जोगीभाट, भरदा, बैहाकुंआ, चिल्हाटी खुर्द, चिल्हाटी कला, बड़गांव, डारागांव, बिजोरा, नारगी, संबलपुर, सेमरडीह और कोसमी तथा अंडी पहुंचकर मतदाताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा, मेघनाथ साहू महामंत्री, जनपद सदस्य माधव गिरी गोस्वामी, लक्ष्मी भोयर, गुलाब भंसाली, रवि साहू, राजेन्द्र निषाद, लोकनाथ निषाद, सरपंच बटेरा, पीमन देशमुख मंथीर भंडारी, सरपंच बैहाकुआ संध्या चुरेन्द, उमेश्वरी साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर अनिला भेड़िया ने कहा कि आप सभी मतदाताओं के असीम प्यार और स्नेह से लगातार तीसरी बार डौंडीलोहारा विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में हमारी सरकार नहीं है, लेकिन विपक्ष में बैठेंगे और क्षेत्र की सेवा करने में पीछे नहीं हटेंगे।

# कर्पुरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सेन समाज ने जताई प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज:बालोद



सेलून संघ व इकाई सेन समाज बालोद ने बिहार के 2 बार के मुख्यमंत्री स्व कर्पूरी ठाकुर का बुधवार को जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रगट किया।

इस दौरान सेन समाज के पदाधिकारियों द्वारा बुधवार को स्थानीय जयस्तभ चौक पर कपूरी ठाकुर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर लोगों को मिठाई वितरण कर और पटाखे फोड़कर प्रसन्नता व्यक्त की। सेन समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कपूरिया ठाकुर को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री बने, वह बिहार से कभी भी विधानसभा चुनाव नहीं हारे, वह सभी जातियों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के धनी थे, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम को विक्की भारद्वाज ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर सेलून संघ अध्यक्ष मुकेश कौशिक, इकाई अध्यक्ष ढालेश्वर भारद्वाज, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विक्की भारद्वाज, जिला सहसचिव मोहन सेन, दीपक कौशिक, पिंकी कौशिक, नारायण कौशिक, सोनू कौशिक भीमू कौशिक, लालचंद नूनीवल, सोनू सेन, मनोज कौशिक, मनोज श्रीवास, छोटू भारद्वाज, डोमेन्द्र श्रीवास, हरीश भारद्वाज सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

**जामगांव आर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को मनाने स्कूलों में विशेष तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। इस गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने रिहर्सल किया। संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि गणतंत्र के पावन पर्व पर स्कूलों में प्राचार्य हेडमास्टर ध्वजारोहण करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण जन प्रतिनिधि करते हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर शुष्क मौसम होने के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पालक एवं ग्रामीण की संख्या अधिक होती है। संकुल के सभी स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम देने के लिए तैयारी कर चुके हैं। सेजस प्राचार्य राजेश पिल्लई, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन बच्चे करेंगे। उन्होंने बताया कि सशिमं के भैया बहन पशु चिकित्सालय जिला केंदीय सहकारी बैंक में ध्वजारोहण कराएंगे। अन्य स्थानों पर शासकीय स्कूल बच्चे विगत वर्षो की भांति ध्वजारोहण कराएंगे। जामगांव आर ग्रामपंचायत में सरपंच राजकुमार ठाकुर, कुम्हली ग्रामपंचायत में सरपंच डोमार साहू ध्वजारोहण करेंगे। सांस्कृतिक प्रभारी भूमिका साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी वाद्ययंत्रों के साथ गायन एवं नृत्य मंचन करेंगे।

# राशनकार्डों का किया जाएगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 29 फरवरी तक होगी आवेदन व नया कार्ड प्रदान करने की प्रक्रिया

खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने एवं हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कर जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों को इसका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

जारी किए गए निर्देश के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए राशनकार्ड धारी स्वयं अपने एन्ड्रायड मोबाईल से विभागीय वेबसाइट से एप्प डाउनलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्तर पर संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक (विक्रेता) के पंजीकृत एन्ड्रायड मोबाइल या टेबलेट के माध्यम से भी हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। राशनकार्डधारी हितग्राही ऑनलाईन आवेदन के साथ संचालक (खाद्य) द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति में संचालक (विक्रेता) के पास जमा की जाएगी। दुकान विक्रेता द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्यवाही के लिएसंबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा किया जाएगा। उसके पश्चात छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2016 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण तथा पीडीएफ प्रिन्ट की कार्यवाही की जाएगी। राशनकार्ड का पीडीएफ तैयार होने तथा संचालक खाद्य द्वारा मुद्रण पश्चात प्रदाय राशनकार्ड कव्हर के साथ पीडीएफ संलग्न कर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी उपरांत राशनकार्ड वितरण की कार्यवाही की जाएगी। सामान्य राशनकार्ड को छोड़कर शेष समस्त नवीनीकृत राशनकार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाना है। सामान्य राशनकार्ड पर 10 रुपये प्रति कार्ड की राशि प्राप्त उपरांत हितग्राही को राशनकार्ड प्रदाय की जाएगी। नवीन राशनकार्ड वितरण के पूर्व पुराने राशनकार्डो को जमा करने के बाद ही नवीन राशनकार्ड प्रदाय किया जाएगा।

# गन्ना उत्पादक किसानों ने कृषि मंत्री को बताई समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ बालोद ने प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर गन्ने फसल की मूल्य बढ़ाने की मांग की। कृषि मंत्री ने गन्ना किसानों को कैबिनेट में किसानों की समस्या को रखने एवं मूल्य वृद्धि की आश्वासन दिया।

संघ के संरक्षक छगन देशमुख एवं अध्यक्ष डॉ तेजराम साहू ने कहा कि गन्ना फसल का मूल्य नहीं बढ़ाया गया, तो धान के बदले गन्ने की खेती करने वाले किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। इस स्थिति में शक्कर कारखाना के अस्तित्व पर खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान का मूल्य सरकार द्वारा 3100 रुपये दिया जा रहा है, ऐसे में गन्ने की कीमत नहीं बढ़ाए जाने पर किसान गन्ने की खेती छोड़, धान की फसल को प्राथमिकता देंगे। किसानों की बात सुनकर कृषि मंत्री ने गन्ना किसानों की समस्याओं को कैबिनेट की बैठक में रखने तथा उनका निराकरण करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान संघ के संरक्षण छगन देशमुख, अध्यक्ष तेजराम साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा राम साहू, महामंत्री डोलेश्वर साहू सहित किसान उपस्थित थे।

# किल्लेकोड़ा स्कूल में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोडा के सभागार में अजय मुखर्जी प्राचार्य के संरक्षण में सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष चंद्र बोस व मां शारदे की तैलचित्र के पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए श्री मुखर्जी ने कहा कि- सुभाष चंद्र बोस हमारे देश को एक सिपाही के रूप में अपना पूरा जीवन समर्पित करते हुए आजादी दिलाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉक्टर बीएल साहसी व्याख्याता ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए कहा कि आजाद हिंद फौज के सिपाही सुभाष चंद्र बोस ने कहा था- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। कार्यक्रम को व्याख्याता वायएस मरकाम ने भी संबोधित किया। स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा सप्ताह के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। व्याख्याता सीजी पटेल, घनश्याम पटेल व त्रिजला ठाकुर मैडम के नेतृत्व आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ में साक्षी 10 वीं प्रथम और यशस्वी दसवीं द्वितीय स्थान पर रहीं। बालकों में तरुण प्रथम दसवीं कक्षा और शिवेंद्र 9वीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर व्याख्याता जेपी बांधव, हेमेन्द्र साहू, ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, तथा कुशल देवदास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## हल्दी स्कूल व बलौदी कॉलेज में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती





**बालोद।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दी और महाविद्यालय बेलौदी में गायत्री परिवार द्वारा नशा मुक्ति एवं नैतिक शिक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गायत्री परिवार नशा मुक्ति प्रचारक कार्यकर्ता हेमंत व्यास ने कहा कि वर्तमान समय में घर, गाँव व शहर में नशा के रूप में तंबाकू, गुटखा, गुड़ाखू, बीड़ी–सिगरेट व शराब का उपयोग किया जा रहा है, जो कि स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताजनक बात बन गई है, छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक इस नशा की चपेटे में आ रहे हैं, इसके परिणाम स्वरूप कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी लोगों को हो रही है। बच्चों ने नशा मुक्त जीवन जीने के लिए संकल्प लिया। राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को अपना आदर्श नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों को बनाने की बात कहते हुए कहा कि विद्यार्थियों का जीवन अनुशासित एवं साधनामय होनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षको का सहयोग रहा।

### संभागायुक्त ने कलेक्टर व एसपी की बैठक में दिए निर्देश

# तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में तेज आवाज में डीजे संचालन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संभाग आयुक्त दुर्ग सत्य नारायण राठौर ने ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने हेतु दुर्ग संभाग के सभी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से अपने–अपने जिलों में ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




इस दौरान उन्होंने जिले के स्कूल, अस्पताल आदि आवश्यक स्थानों में शांत क्षेत्रों के चिन्हांकन एवं कार्यवाही के संबंध में चिन्हांकित शांत क्षेत्रें में शिकायत के लिए समन्वय अधिकारी की नियुक्ति आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिलों में कोलाहल के रोकथाम के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा नगरीय निकाय स्तर पर टीम गठन कर की गई कार्रवाई तथा इसके लिए चलाई जा रही जन जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी की समिति गठित कर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जिले में ध्वनि मापक यंत्र की उपलब्धता की जानकारी एवं ध्वनि मापक यंत्र के उपयोग एवं उनके परिणाम के स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने जिले में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में थानावार डीजे मालिक का विवरण एवं डीजे की जानकारी तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन की जानकारी भी ऑनलाईन किया जा रहा है।

#### एसपी ने कहा- की जा रही मानिटरिंग

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के निर्देशों के परिपालन में बालोद जिले में ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा इसकी नियमित रूप से जाँच की जा रही है और तेज आवाज में डीजे का संचालन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जोरातराई पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा




**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जोरातराई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 40 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 15 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 11 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 13 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

## नई दिल्ली के परेड में शामिल होगी गुरूर की ज्ञानज्योति

गुरूर। नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में गुरुर नगर



की बेटी भाग लेगी। नगर के ज्ञानज्योति पंत पिता गोपीचंद को इस परेड में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। ज्ञानज्योति पंत भिलाई में अध्ययनरत है व ज्ञान ज्योति विद्यालय गुरुर की पूर्व छात्रा है। ज्ञानज्योति पंत के पिता गोपीचंद की एक वेल्डिंग दुकान है, माता तोमेश्वरी गृहिणी हैं। ज्ञानज्योति की इस उपलब्धि पर परिवार सहित नगर में खुशी का माहौल है।

# शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गुण्डरदेही में मना बालिका दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गुण्डरदेही में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल व पद्मश्री शमशाद बेगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेणुका श्रीवास्तव, उपस्थित थे। बालिका दिवस कार्यक्रम में गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु महिला कमांडों के द्वारा गोद लिया गया व पांच महिलाओं



को अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए कलेक्टर द्वारा शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। पांच बालिका को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बोरतरा में मना राष्ट्रीय बालिका दिवस



गुरूर। ग्राम बोरतरा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। संगीता सिन्हा ने कहा कि अब सोच बदलने लगी है। समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, बालिकाओं की शिक्षा के प्रति भी पालक जागरुक हो रहे हैं, लेकिन अभी इस दिशा में और कार्य किए जाने की आवश्यकता है। बालिका पढ़ने के साथ आत्मनिर्भर बने और आत्मरक्षा के क्षेत्र में भी मजबूत हो इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बालिका देवेश ने भगवान श्री राम का बहुचर्चित भजन, राम आएंगे, गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रभात ध्रुव ने की। विशेष अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, महिला बाल विकास विभाग सभापती राजश्री यादेश्वर क्षत्रिय, जनपद पंचायत गुरूर सदस्य व सभापती पाल सिंह भुआर्य सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

















समस्त क्षेत्रवासियों को

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमती कृतिका सतानन्द साहू
सदस्य
जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-09
जिला पंचायत-बालोद



समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत-झलमला



श्रीमती उमाबाई पटेल
सरपंच





श्रीमती कुंती गोरे
उपसरपंच

पंचगण- चन्द्रकला सोनबोईर, पीलाबाई साहू, मुकेश कुमार निषाद, आहिल्या बाई ठाकुर, तुकाराम यादव, मीना बाई साहू, दुखुराम बघेल, खिलेश्वर धनकर, दिनेश्वरी पटेल, पुनारद लाल बंजारे, आशाबाई बंजारे, भगवंतीन डहरे, पंचायत सचिव लक्ष्मी कुम्हारे, रोजगार सहायक भागवत निषाद एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत, झलमला

गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं



यशवंतपुरी गोस्वामी
सरपंच, ग्राम पंचायत अर्जुनी

शीतकुमार साहू
उपसपंच, ग्राम पंचायत अर्जुनी

मनीष मंडावी
सचिव, ग्राम पंचायत अर्जुनी

अजय साहू
रोज. सहा., ग्राम पंचायत अर्जुनी

पंचगण- निर्मलाबाई, श्रीमती कचरा बाई, परदेशीराम नायक, श्रीमती सत्यवति रावटे, ओमप्रकाश नायक, श्रीमती सोनसीर ठाकुर, श्रीमती नैनबाई नायक, श्रीमती उर्वशी साहू, श्रीमती सुनेतीन अंगारे, भीखूराम ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, श्रीमती दशोदा बाई, श्रीमती सोहद्रा बाई, श्रीमती रेशमा सहारे, डिलेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, चाणक्य साहू, मुकेश रात्रे, सोमेश्वरी साहू, नोकेन्द्र साहू एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत अर्जुनी (आश्रित ग्राम चिरचारी) वि.खं. गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत-लिमोरा



मनीष कुमार गांधी
सरपंच



भूपेश मरकाम
उपसरपंच



विनोद सिन्हा
सचिव

सुरेश कुमार साहू
रोजगार सहायक

पंचगण- निर्मला मानिकपुरी, रेशमा ठाकुर, देवलीबाई ठाकुर, पुस्तिका तारम, सुमरीतबाई ठाकुर, उत्तमबाई ठाकुर, सावित्री साहू, चोवाराम ठाकुर, शैलेन्द्री बाई, लताबाई मंडावी, अंजनी मंडावी, गजाधर साहू, जीवनदास मानिकपुर, कम्प्यूटर आपरेटर- मनीष कुमार साहू, आपरेटल नल जल-योगेश्वर साहू, भृत्य- भरोसा नेताम एवं समस्त ग्राम पंचायत लिमोरा वि.खं. बालोद






मान. नरेंद्र मोदी जी | मान. अमीत शाह जी | मान. जे.पी. नड्डा जी | मान. ओम माथुर जी प्रदेश प्रभारी | मान. किरणदेव जी प्रदेश अध्यक्ष | मान. अरुण साव जी | मान. विजय शर्मा जी | मान. कृष्णकांत पवार जी | मान. दुष्यंत कुमार सोनवानी जी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुंडरदेही | मान. प्रणेश जैन जी भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन्दा | मान. टीनेश्वर बघेल जी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेरथा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ...



मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन



गुण्डरदेही विधानसभा के लाड़ले
नेता सिन्हा समाज के गौरव

जसवंत सिन्हा

को भारतीय जनता पार्टी में
शामिल होने पर

हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...



जसवंत सिन्हा

विनीत - भारतीय जनता पार्टी मंडल गुंडरदेही, अर्जुन्दा एवं खेरथा, जिला-बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### राज्य पिछड़ा वर्ग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**डौंडीलोहारा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर के पहुना में भेंट की। उन्होंने कलार समाज द्वारा 14 फरवरी को आयोजित होने वाले माता बहादुर कलारिन की कर्मस्थली सोरर में आयोजित सोरर महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान समाज के प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### बालोद में विप्र भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**बालोद।** ब्राह्मण समाज बालोद द्वारा विप्र भवन निर्माण के लिए आमापारा बालोद में भूमिपूजन किया गया। पंडित प्रकाश शर्मा ने भूमिपूजन की प्रक्रिया पूरी करवाई। कार्यक्रम में शेष नारायण दुबे, प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद दुबे रमेश शर्मा, अटल दुबे, विक्की पाण्डेय, संतोष दुबे, बंटी शर्मा, राहुल दुबे, धीरज उपाध्याय, आशीष शर्मा, प्रदीप पाण्डेय, विकास शर्मा, बिट्टू दुबे, आदित्य दुबे, शास्वत दुबे उपस्थित थे।

### डौंडीलोहारा सेवा केंद्र में 108 राम जोत जलाया



**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा -आरती की गई। दीपोत्सव में 108 रामज्योति जलाई गई। संस्था के बच्चों द्वारा राम सीता की चैतन्य झांकी प्रदर्शित की गई एवं राम भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत की गई। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने रामायण का आध्यात्मिक रहस्य बताया। कार्यक्रम के अंत में खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

### मराठा समाज की मासिक बैठक 28 को

**बालोद।** मराठा समाज की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 28 जनवरी को रखी गई है। मराठा समाज के अध्यक्ष डॉ आरएम मोरे ने कहा कि बैठक में मकर संक्रांति के उपरांत हल्दी कुमकुम का भी कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### रसोइया संघ की बैठक 28 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ ब्लॉक डौंडीलोहारा की बैठक 28 जनवरी को स्थानीय बाजार चौक में 12 बजे रखी गई है। रसोईया संघ के सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख एवं रिवेद्र कुमार ने सभी रसोइयों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

**पर्व : स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल गुरुर में हुआ कार्यक्रम**

# वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल गुरुर में  वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुई। मां सरस्वती की पूजन के सांथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि वार्षिक उत्सव स्कूल में पूरे सत्र में हुए कार्यों का आईना होता है। पढ़ाई के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, बौद्धिक प्रतियोगिताएं व अन्य क्षेत्र में आयोजन जरुरी है। संगीता सिन्हा ने बच्चों को बधाई देते हुए कड़ी मेहनत कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नेशनल और स्टेट लेबल पर कुश्ती में मेडल लेने वाले व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत गुरुर की अध्यक्ष महिमा रेणू साहू ने किया। पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति पुरुषोत्तम सेन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ में विधायक प्रतिनिधि ओंकार महमल्ला, पार्षद जीतेंद्र कुमार ओझा, सांसद प्रतिनिधि ऐनूराम सोनवानी, संस्था के प्राचार्य डीपी यादव, डीआर साहू व इस स्कूल के सभी शिक्षक सहित नगरवासी गुरुर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### सशिमं कनेरी में हुआ मातृ सम्मेलन व वार्षिक उत्सव

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर कनेरी में मातृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कनेरी सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा थीं। अध्यक्षता सदस्य शिशु मंदिर कनेरी गिरधारी छपेंद्र ने की। मुख्य वक्ता जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, जयंत साहू एवं प्रबंधन समिति के संयोजक जनार्दन सिन्हा एवं सदस्य गण शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य चित्ररेखा साहू, रितु साहू, हिलेश्वरी साहू, दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। उसके बाद छोटे–छोटे बच्चों ने धार्मिक व देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर दिनेश्वरी सिन्हा ने कहा कि मां ममता की रूप हैं। मां के बगैर बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, बच्चों का पहला गुरु मां को ही माना गया है, उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में पुस्तकिय ज्ञान के साथ संस्कारों का भी गुण बच्चों में कूट–कूट कर भरा जाता है। मातृ सम्मेलन का आयोजन कर यह विद्यालय मां की भावनाओं से लोगों को अवगत कराती है यह सराहनीय कदम है।

## चंदन बिरही में हुआ सशिमं का वार्षिकोत्सव



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर का वार्षिकोत्सव समारोह ग्राम चंदन बिरही में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम विकास समिति के संरक्षक पुनीत राम साहू तथा ग्राम के नागरिक पीतांबर साहू, सोमन साहू, हेमप्रकाश गंजीर आदि ने किया। प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र ने स्वागत भाषण एवं विद्यालय प्रतिवेदन रखा।

आचार्य राकेश साहू सहित सभी आचार्यों के मार्गदर्शन में बच्चों ने बारहमासी गीतों के माध्यम से छत्तीसगढ़ विभिन्न तीज त्योहार का झांकी ने मन मोह लिया, झांकी देखकर ग्रामवासी झूम उठे। इसी तरह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन ग्राम चनबिरही के टुमन साहू ने किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद इकाई चंदन बिरही, ग्राम विकास समिति तथा ग्राम पंचायत चंदन बिरही का सहयोग रहा। विद्यालय के आचार्यगण योगेश्वर साहू, आगेश्वर हिरवानी, बलराम पटेल, राकेश साहू, गोपाल पटेल, मिलन साहू, युगल किशोर सिन्हा, नीमा साहू, खिलेश्वरी, कुमुदनी यादव, रोशनी साहू, आशा नेताम, सीमा निषाद का योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष आनंद राम सोनवर्षा तथा संयुक्त सचिव शेखलाल माला कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विद्यालय परिवार का उत्साह वर्धन किया।



### नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को कविता स्पर्धा में मिला दूसरा स्थान



**बालोद।** भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज दानिटोला बालोद के विद्यार्थियों ने जिला स्वास्थ्य समिति बालोद द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कविता प्रतियोगिता में बालोद जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान दोनों कॉलेज के प्रिंसीपल डेनियल दीपक मसीह एवं सिजो कोशी व समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## सशिमं के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**बालोद।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर में 26 वां वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत हथौद ललिता देवांगन ने की। अतिथि कार्यकारी संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर बेनू राम साहू थे। विशेष अतिथि सेवा निवृत्त शिक्षक चिराईगोड़ी गोविन्द राम साहू, प्रधान पाठक चिराईगोड़ी यूआर निषाद, सेवा निवृत्त शिक्षक चिराईगोड़ी बीआर यादव, बंटी अग्रवाल, अध्यक्ष महर्षि मुक्त शिक्षण समिति हथौद जागेश्वर सिंह साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य पवन कुमार साहू के स्वागत भाषण के बादविद्यालय के भैया बहनों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उसके बाद विद्यालय के भैया गुलशन साहू कक्षा दशम में प्रथम स्थान एवं बहन प्रेरणा देवांगन कक्षा दशम में द्वितीय स्थान, बहन पूर्वी ठाकुर प्रांत स्तर में ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन, बहन चित्रणी साहू प्रांत स्तरीय शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने पढ़ाई, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं विभिन्न गतिविधियों के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहने हेतु भैया बहनों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, व्यवस्थापक ओम प्रकाश गजेन्द्र, समिति सदस्य तोषण साहू, प्राचार्य पवन कुमार साहू, समस्त आचार्य दीदी एवं पालकगण का विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य बसंत कुमार पाण्डेय ने किया।

## राम रंग मानस परिवार खल्लारी ने जीती मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





ग्राम कनेरी में आयोजित मानसगान प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 24 मानस परिवारों ने प्रस्तुति दी गई। इनमें पुरुष वर्ग में प्रथम राम रंग मानस परिवार खल्लारी महासमुंद, द्वितीय जयशंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद, तृतीय हरिओम मानस परिवार गोडरी राजनांदगांव, चतुर्थ श्री भोरमदेव खजुराहो मानस परिवार कवर्धा ने पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम द्रोपती मानस परिवार अछोला महासमुंद, द्वितीय अर्चना महिला मानस परिवार बड़े करेली राजिम, तृतीय सुरुचि महिला मानस परिवार डांडेसरा गुरुर, चतुर्थ गौरी महिला मानस परिवार रेंगाकठेरा गुण्डरदेही ने पुरस्कार प्राप्त किया। मानस गान प्रतियोगिता में संगीतमय में जय भारत मानस परिवार दरगहन धमतरी, वेशभूषा में गंगा मानस परिवार टेकपार बालोद, व्याख्या में गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार बालोद, अनुशासन में नवदीप बालिका मानस परिवार अंबागढ़ चौकी पुरस्कार प्राप्त किया।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की सूची जारी

**बालोद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों की सूची का ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन व संधारण किया गया है।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण के लिए ग्राम पंचायतवार सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 की सर्वेक्षित डाटा के अनुसार लाभान्वित होने वाले परिवारों एवं हितग्राहियों की स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं विभिन्न कारणों से छूटे हुए अतिरिक्त चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों की आवास प्लस सूची का ग्राम पंचायत में दीवार लेखन व संधारण किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त सूची का अवलोकन कर ग्रामीणजन ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।













समस्त क्षेत्रवासियों को
राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी व
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की बहुत-बहुत
शुभकामनाएं
॥ श्रीराम ॥
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मनीष झा अध्यक्ष
भाजपा मण्डल डौण्डी
श्री देवलाल ठाकुर जी
प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा छ.ग.
भारतीय जनता पार्टी मण्डल डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)


प्रधानमंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
18 लाख
परिवार को घर पहली कैबिनेट में मुहर
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
प्रधानमंत्री आवास योजन
(ग्रामीण)
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार
श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
पहली कैबिनेट बैठक में
18 लाख
प्रधानमंत्री आवास हेतु राशि का आवंटन
सबका साथ–सबका विकास,
सबका विश्वास और सबका प्रयास...
समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
विनीत- जनपद पंचायत डौंडी, जिला- बालोद


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
हरिभूमि परिवार डौंडी, ब्लॉक मुख्यालय
समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें- मो.-9827804111
ओम गोलछा
डौंडी
अनिल सुथार
कुसुमकसा
राहुल गोलछा
डौंडी

## खबर संक्षेप

### राहुद में खेल स्पर्धा आज

**गुण्डरदेही।** ग्राम राहुद में 26 जनवरी के अवसर पर सैनिक ग्राउंड में खेल का आयोजन किया गया है। राहुद के युवाओं ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि खेल कराने का हमारा उद्देश्य युवाओं को आगामी भर्तियों के लिए जागरूक और करना है। उन्होंने बताया कि ग्राम राहुद में सबसे ज्यादा लोग फ़ौज में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी युवाओं तथा ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है।

### पेंवरो में मानसगान सम्मेलन कल से

**गुरूर।** ग्राम पेंवरो में 27 से 28 जनवरी को दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन स्वामी विवेकानंद नवयुवा संगठन के तत्वावधन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दिलेंद्र गंजीर, ईशांत साहू, रेयांश, तोम्या का विशेष सहयोग है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्राचार्य पीआर किशोर होंगे, अध्यक्षता ग्राम पटेल भूपेश गंजीर करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद मोहन मंडावी होंगे तथा अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू करेंगे।

### बरबसपुर में मानसगान सम्मेलन कल से

**बालोद/कलंगपुर।** श्री रामायण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी बरबसपुर के तत्वावधान में 27 एवं 28 जनवरी को दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ अंचल के ख्याति प्राप्त लगभग 14 मानस मंडली इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

### विनायकपुर में मड़ई-मेला कल

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में कल 27 जनवरी को मड़ई-मेला का कार्यक्रम रखा गया है। कुलदीप देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे चौकी बांधा राजनांदगांव वालों का नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

पर्व : सोनकर समाज ने पूजा-अर्चना के बाद किया प्रसाद का वितरण

# मां शाकंभरी जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

नगर के सोनकर समाज ने गुरुवार को कुलदेवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई। जहां समाज के लोगों ने मां शाकंभरी व भगवान श्रीराम माता सीता व लक्ष्मण को रथ में बैठाकर बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराया। समाज के महिलाओं व युवतियों ने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली। समाज के लोग नाचते-गाते हुए नजर आए।

उसके बाद मां शाकंभरी भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय सोनकर, पुरूषोत्तम सोनकर, श्रवण सोनकर, धरम सोनकर, बसंत सोनकर, लक्ष्मण सोनकर, निहाल सोनकर, सुन्दर सोनकर, गोविंद सोनकर, महेश सोनकर, रमेशर सोनकर, सियाराम सोनकर, छगन सोनकर, चेतन सोनकर, अनिल सोनकर, भोलाराम सोनकर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व महिलाएं उपस्थित थे।



### बडगांव में मनाई गई मां शाकंभरी जयंती



**डौंडीलोहारा।** शाकंभरी देवी जयंती और छेर-छेरा के पावन अवसर पर ग्राम बडगांव में माँ शाकंभरी मंदिर में कोसरिया पटेल मरार समाज द्वारा पूजा अर्चना की गई। समाज के मुखिया बेदलाल पटेल, बिसुन मराठे, मोहन पटेल, विनोद पटेल, गौतम पटेल, अवध पटेल, अनूप पटेल, रामरतन पटेल, भानुप्रताप पटेल, गिरीश पटेल, जगेशर पटेल, इगनाथ पटेल, खुमान पटेल, सीता राम पटेल, विरेन्द्र पटेल की उपस्थिति में लव महाराज ने पूजा सम्पन्न कराई। उसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में पटेल समाज के लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।



### कोलिहामार में मना मां शाकंभरी महोत्सव

**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार में कोसरिया पटेल (मरार) समाज द्वारा मां शाकंभरी महोत्सव मनाया गया। समाज द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के गलियों का भ्रमण कर मुख्य मार्ग से तहसील सामाजिक भवन पहुंचे। जहां मां शाकंभरी की पूजा अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जहां समाज के बच्चों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष विश्वनाथ पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज पटेल, सचिव हरिकिशन पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष कमलेश पटेल, धनराज पटेल, दीपेश पटेल, अमूल पटेल, संगीत पटेल, ओमप्रकाश पटेल, अनिल पटेल, सेवंत पटेल, होमेंद्र, खिलानन्द पटेल, एश्वर्य पटेल, दुष्यंत पटेल, रामाजोर पटेल, नागेश पटेल, महिला संगठन अध्यक्ष कविता पटेल, राधिका पटेल, चमेली पटेल एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# छेर छेरा पर छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

अन्नदान का पर्व छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार छेर छेरा पुन्नी नगर सहित ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया। छेर छेरा का पर्व पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। छेर छेरा पर्व को लेकर सुबह से ही बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। वे बाजा गाजा के साथ झूमते नाचते हुए छेर छेरा मांगने निकले। पर्व के दिन बच्चों से लेकर युवा, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं टोली बनाकर घर घर जाकर छेर छेरा मांगने निकले। यह पर्व फसल मिंजाईं के बाद सामुदायिक सहयोग के भाव के साथ मनाने के लिए होता है। भेदभाव से दूर एक दूसरे के घर जाकर छेर छेरा मांगते हुए कहते हैं छेर छेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा, अरन बरन कोदो दरन जबे देबे तभे टरन। लोग अपनी सुविधा से सामर्थ के अनुसार दान करते हैं। मान्यता है कि धान का दान करने से आने वाले समय में फसल की अच्छी पैदावार होती है। इसलिए इस दिन किसान अपने दरवाजे पर आए किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं करते।

# डोंगीतराई पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, योजनाओं की दी गई जानकारी




**गुण्डरदेही।** शासन की योजनाओं को घर–घर पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम डोंगितराई के स्कूल प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच ज्ञानचंद शर्मा, जनपद सदस्य गोमती साहू, पूर्व सरपंच कांति बाई, सोनेश्वरी, डॉ. लेखराम साहू भी शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर शासन की योजनाओं को बताकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए यह शिविर गांव गांव में पहुंच रही है। चन्द्राकर ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों को बताया। इस दौरान उत्कृष्ट कृषक सम्मान से ज्ञानचंद शर्मा व लेखराम साहू और अन्य किसानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। जय माँ दुर्गा स्व सहायता समूह की बहनों ने धरती के जतन के तहत नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से उन्होंने खेती में जैविक खाद का प्रयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मध्य मे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। पोषण आहार से कैसे माताओं और बच्चों का कुपोषण दूर हो रहा है। यह तनुजा शर्मा और अन्य महिलाओं ने मंच के माध्यम से बताया। यहां आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया। द्वारिका ठाकुर और दुलेश्वरी यादव ने प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसान कैसे समृद्ध हो रहे हैं, इस बारे में विस्तार से बताया।

### तिरगा में देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** ग्राम तिरगा में दो दिवसीय देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 वा 27 जनवरी को रखा गया है। संयुक्त युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मंडलियां शामिल होंगी। ग्राम तिरगा संचालक घनश्याम देशमुख ने बताया कि इन्हीं दो दिनों में ग्राम अंडा, रिसामा, सिरसिदा, जंजगिरी, चंदखुरी, कोनारी, देवसरा, खुरसुनी, मतवारी में भी देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सभी गांवों की एंट्री अंडा निवासी जीतू साहू के मार्गदर्शन में हुई है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100







